हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 12 अप्रैल 2026



04 लगातार गिरता जा रहा भू-जल स्तर, लोगों को नहीं दिलचस्पी





07 हाईवे पर जलभराव की समस्या यथावत...






### सड़कें बनी अतिक्रमण की बंधक, जिम्मेदारों की मेहरबानी से कब्जाधारियों की मनमानी

# बाजार में चलना हुआ दूभर, सड़कों पर अवैध पार्किंग से रोज लगता है जाम, लोग परेशान

शहर में अब अवैध पार्किंग नागरिकों के लिए सिर का दर्द बन गई है। प्रशासन की कार्रवाई भी अब कम पड़ने लगी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

क्या शहर की सड़कें सिर्फ रसूखदार दुकानदारों के सामान सजाने के लिए रह गई हैं? यह सवाल इटारसी का हर वह आम नागरिक पूछ रहा है, जो रोजाना शहर की सड़कों पर भारी जाम और अतिक्रमण से जूझता है।

शहर के बीचों-बीच स्थित यह प्रमुख बाजार अब पूरी तरह से अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है, जबकि स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका ने अपनी आंखों पर पट्टी बांध रखी है।



### सड़क कम, 'दुकानों का गोदाम' ज्यादा

सामने आई तस्वीरें प्रशासन के सुशासन और व्यवस्था के दावों की पोल खोलने के लिए काफी हैं। नीमबाड़ा रोड, पहली लाइन, पोस्ट ऑफिस रोड, जयस्तंभ चौक, लाइन एरिया, बज़ाजी लाइन जैसी लगभग सभी सड़कों पर अब पैदल चलना भी किसी जंग जीतने से कम नहीं है। हालात इस कदर बेकाबू हो चुके हैं कि दुकानदारों ने अपनी दुकानों का दायरा बढ़ाकर सड़क के बीचों-बीच तक कर लिया है। सड़क पर सजे बाजारः कपड़े की दुकानों के बाहर लगे पुतले (डमी), कूलर, पंखे और हार्डवेयर का भारी-भरकम सामान दुकानों के शटर से निकलकर सरेआम सड़क पर सजा दिया गया है।

### पहली लाइन में सेल संचालक पर मामला दर्ज

ताजा मामला बाजार क्षेत्र की पहली लाइन का है, जहां महावीर भवन में संचालित हो रही घर संसार सेल पर पुलिस ने दबिश दी। सेल संचालक दुकान की सीमा लांघकर सड़क पर सामान रखकर बेच जा रहा था, जिससे राहगीरों और यातायात को भारी असुविधा हो रही थी। शिकायत मिलते ही टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजा। पुलिस ने मौके पर पाया कि नियमों को ताक पर रखकर सार्वजनिक मार्ग को बाधित किया जा रहा है। इस पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए सेल संचालक के विरुद्ध धारा 285 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।



### सिस्टम को आईना दिखाते तीखे सवाल

अतिक्रमण दस्ते की अनदेखीः नगर पालिका का अतिक्रमण विरोधी दस्ता आखिर कहां गायब है? क्या उनकी कार्रवाई का डंडा सिर्फ गरीब ठेले-गुमटी वालों पर ही चलता है? पक्के दुकानदारों पर मेहरबानी क्यों?

### फल ठेला बने नासूर

शहर की हर प्रमुख सड़क एवं चौक चौराहों पर भले आपको कुछ अन्य दिखे या ना दिखे लेकिन फल ठेले वाले जरूर देखेंगे। फलों के ठेले शहर में नासूर की तरह फैल गए हैं। एक दिन, दो दिन या चार दिन कार्यवाही करके प्रशासन घर बैठ जाता है लेकिन स्थाई रूप से हटा नहीं पाया है।

### पार्किंग ने कोढ़ में खाज का काम किया

रही-सही कसर सड़क के दोनों ओर बेतरतीब तरीके से आड़े-तिरछे खड़े दोपहिया वाहनों ने पूरी कर दी है। पार्किंग की कोई व्यवस्था न होने से पूरी सड़क एक संकरी गली में तब्दील हो गई है। जो अब राहगीरों के लिए परेशानी बनी हुई है।

### आपातकालीन स्थिति में हो सकता है बड़ा हादसा

सबसे बड़ा और डराने वाला सवाल यह है कि यदि इस भीड़भाड़ वाले इलाके में कोई आगजनी जैसी घटना हो जाए या किसी को तुरंत मेडिकल इमर्जेंसी आ जाए, तो क्या होगा? इस अतिक्रमण ग्रस्त सड़क पर फायर ब्रिगेड या एंबुलेंस का घुसना तो दूर, एक पैदल इंसान का निकलना भी मुश्किल है। प्रशासन की यह अनदेखी किसी बड़े हादसे को सीधा निमंत्रण दे रही है।

### मिलीभगत या लापरवाहीः

दुकानदारों को सड़क तक सामान फैलाने की मौन स्वीकृति आखिर किसने दी है? क्या स्थानीय प्रशासन और अतिक्रमणकारियों के बीच कोई अघोषित समझौता है? नो-पार्किंग और सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़े करने वालों पर कोई नियमित चालानी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

### प्रशासन के लिए चेतावनी

नीमबाड़ा रोड की तस्वीर सिर्फ एक बाजार का हाल नहीं है, बल्कि यह इटारसी के प्रशासनिक सिस्टम के लकवाग्रस्त होने का जीता-जागता प्रमाण है। आम जनता रेंग-रेंग कर चलने को मजबूर है, महिलाएं और बुजुर्ग परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों में बैठकर कागजी घोड़े दौड़ा रहे हैं। अब देखना यह है कि हकीकत सामने आने के बाद क्या कुंभकर्णी नींद में सोया प्रशासन जागेगा, या शहरवासियों को यूं ही अतिक्रमण के इस दमघोंटू माहौल में छोड़ दिया जाएगा?

### इनका कहना है

सभी दुकानदारों को बार-बार समझाइश दी जा चुकी है कि वे अपना व्यापार दुकान की निर्धारित सीमा के भीतर ही करें। यदि कोई भी दुकानदार सड़क पर सामान फैलाकर यातायात बाधित करता पाया गया, तो उसके खिलाफ बिना किसी रियायत के दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

**गौरव सिंह बुंदेला, थाना प्रभारी, इटारसी**

## एप अपडेट के नाम पर 63 वर्षीय बुजुर्ग से 1.10 लाख की ठगी की




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

डिजिटल ठगों ने बैंक ग्राहकों को फंसाने का नया तरीका निकाल लिया है। ताज़ा मामला इटारसी के पथरोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम घाटली का है।

यहां एक 63 वर्षीय बुजुर्ग को एसबीआई योनो ऐप अपडेट करने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने 1 लाख 9 हजार 700 रुपये की चपत लगा दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की नई धाराओं के तहत धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कैसे बनाया शिकार?

पुलिस जानकारी के अनुसार, घाटली निवासी 63 वर्षीय सुरेश कुमार चमानिया के पास एक अनजान नंबर से कॉल आया था। फोन करने वाले ने खुद का नाम पंकज बताया और पीड़ित को झांसा दिया कि उनका एप्लीकेशन अपडेट होना है। उसने यह डर दिखाया कि अगर ऐप अपडेट नहीं किया गया, तो उनकी सभी बैंकिंग सेवाएं तत्काल प्रभाव से बंद कर दी जाएंगी।

इसके बाद ठग ने बुजुर्ग के मोबाइल पर एक संदिग्ध लिंक भेजा। घबराहट में जैसे ही फरियादी ने उस लिंक पर क्लिक करके प्रक्रिया पूरी की, उनके बैंक खाते से एक झटके में 1,09,700 रुपये कट गए।

### तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू

ठगे जाने का अहसास होने पर पीड़ित ने तुरंत पथरोटा थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी पंकज (कथित नाम) के खिलाफ छल और प्रतिरूपण की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। फिलहाल, साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है।

### इस वारदात के बाद पुलिस प्रशासन ने आम जनता के लिए अलर्ट जारी किया हैः

लिंक पर क्लिक न करेंः कोई भी बैंक कभी भी **SMS**, व्हाट्सएप या ईमेल पर लिंक भेजकर केवाईसी (**KYC**) या ऐप अपडेट करने को नहीं कहता है। अनजान लिंक्स को अनदेखा करें।

गोपनीय जानकारी साझा न करेंः बैंक अधिकारी बनकर बात करने वाले किसी भी व्यक्ति को अपना **OTP**, **PIN**, या पासवर्ड भूलकर भी न बताएं। आधिकारिक ऐप स्टोर का इस्तेमालः किसी भी लिंक या वेबसाइट से ऐप डाउनलोड करने के बजाय, बैंकिंग ऐप्स हमेशा **Google Play Store** या **Apple App Store** से ही अपडेट करें। ठगी होने पर तुरंत एक्शन लेंः यदि आपके साथ कोई साइबर फ्रॉड होता है, तो बिना देरी किए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा आप राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं और अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें।

## खेल मंत्री विश्वास सारंग आज करेंगे एरीना का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मप्र के खेल एवं युवक कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग आज रविवार को शाम 7 बजे नर्मदापुरम आएंगे। वे तुलसी धाम कॉलोनी में नर्मदापुरम के युवाओं के खेल कौशल को निखारने के उद्देश्य से तैयार अत्याधुनिक खेल परिसर एचआर स्पोर्ट्स एरीना का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान मंत्री विश्वास सारंग नर्मदापुरम की खेल प्रतिभाओं का सम्मान भी करेंगे।

कार्यक्रम से जुड़े पूर्व पार्षद नंदकिशोर यादव ने बताया कि इस अवसर पर आचार्य पंडित सोमेश परसाई, आध्यात्मिक गुरु साईबल्लभदास, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नपाध्यक्ष नीतू यादव आदि मौजूद रहेंगे।

## पुलिस ने 10 घंटे के भीतर अपहृत नाबालिग को खोजा

### रामपुर-गुर्रा पुलिस टीम ने दिखाई सक्रियता, साइबर सेल और सीसीटीव्ही कैमरे की ली मदद से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रामपुर गुर्रा थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एक नाबालिग लड़की के अपहरण की गुत्थी को महज 10 घंटों के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने न केवल नाबालिग को सुरक्षित दस्तयाब किया, बल्कि आरोपी को भी हिरासत में ले लिया है।

### क्या है पूरा मामला?

घटना 8 अप्रैल 2026 की रात की है। पुरानी इटारसी के निवासी और वर्तमान में ग्राम मरोड़ा में रह रहे फरियादी ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को रात करीब 11 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए थाना रामपुर गुर्रा में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### सायबर सेल से मिली सफलता

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साईं एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं एसडीओपी इटारसी वीरेन्द्र कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की सघन तलाशी ली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सूचना मिली कि नाबालिग को एक डंपर में जाते हुए देखा गया है। इसके बाद सायबर सेल की तकनीकी मदद से डंपर चालक की पहचान की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी विनोद धुर्वे 30 वर्ष, निवासी बुधनी, जिला रायसेन के कब्जे से नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर लिया।

महज 10 घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर नाबालिग को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

अपनी बच्ची को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। इस त्वरित कार्रवाई में रामपुर गुर्रा थाना प्रभारी उप निरीक्षक संजीव पवार, सउनि अनिल शर्मा, सउनि हर्षित मौर्य, सउनि अखिलेश गौर, आरक्षक ब्रजलाल धुर्वे और टीटू मर्सकोले की मुख्य भूमिका रही। साथ ही सायबर टीम से आरक्षक जितेन्द्र शेषकर और प्रशांत राजपूत का विशेष तकनीकी सहयोग रहा।

## कलेक्टर सोनिया मीना ने जारी की 3.25 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति

**नर्मदापुरम।** जिले में कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रकरण का निराकरण करते हुए आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी की गई हैं, जिससे विस्थापित ग्राम के ग्रामीणों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्टर ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) क्षेत्र से विस्थापित ग्राम बडगोंदी के लगभग 20 ग्राम वासियों को वन विभाग से मिलने वाली 3.25 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल मिलने के साथ उनके पुनर्वास को भी मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम वासियों के लिए राजस्व ग्राम से वन ग्राम में परिवर्तित इन ग्रामों को वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत यह राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा नव स्वीकृत हरदा-टिमरनी मार्ग के अंतर्गत स्वीकृत प्रकरणों में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के तहत धारा 11 के प्रकाशन की भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

## शिक्षा की अलख जगाने वाली नर्मदा शिक्षा समिति के 80 वर्ष पूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल में शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाली और दशकों से ज्ञान का दीपक प्रज्वलित करने वाली 'नर्मदा शिक्षा समिति' ने अपने गौरवशाली इतिहास के 80 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में समिति द्वारा एक भव्य दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा पर गहन मंथन हुआ।




कार्यक्रम के प्रथम दिन, 'भारतीय ज्ञान परंपरा एवं शिक्षा' विषय पर एक विशेष बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य एवं 'प्रज्ञा प्रवाह' प्रकल्प के प्रांत प्रमुख धीरेंद्र चतुर्वेदी और संस्था के अखिल भारतीय प्रतिनिधि विनय दीक्षित उपस्थित रहे। अतिथियों के मार्गदर्शन में भारत की शिक्षा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर केंद्रित प्रख्यात लेखक धर्मपाल की पुस्तक पर भी विस्तार से सार्थक चर्चा की गई। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में नर्मदा शिक्षा समिति के प्रबंधक अरुण शर्मा, शिक्षाविद संतोष आदि मौजूद रहे।

## नपा का हल्ला बोल अभियान : सड़कों से हटाए गए 'पागल' सांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगरपालिका की टीम ने मोर्चा खोल दिया है। नपा के 'हाका दल' द्वारा नगर की सीमाओं पर सघन मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि बाहरी पशु शहर में प्रवेश न कर सकें। शनिवार को टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में कार्रवाई करते हुए आतंक का पर्याय बने कई सांडों को पकड़कर शहर की सीमा से बाहर खदेड़ा। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने जानकारी दी कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के सख्त निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है।



शनिवार को ग्वालटोली, कोठी बाजार, महिमा नगर और चक्कर रोड जैसे प्रमुख इलाकों से आवारा पशुओं के जमावड़े और 'पागल' सांडों के आतंक की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर इन पशुओं को काबू में किया और नगरीय सीमा से बाहर सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा।

### एक दिवसीय कार्यशाला में दी गई पुलिसिंग ट्रेनिंग

## समिति के सदस्य पुलिस के कान और आंख बनकर अपराध नियंत्रण करने में मदद कर सकते हैं: एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने और पुलिस-जनता के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से नगर रक्षा समिति के पुनर्गठन एवं एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु युवाओं को पुलिसिंग की बारीकियों से अवगत कराना और उन्हें समाज सेवा के प्रति प्रेरित करना रहा।

कार्यशाला को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा ने उपस्थित युवाओं को नगर रक्षा समिति के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार समिति के सदस्य पुलिस के कान और आंख बनकर अपराध नियंत्रण में मदद कर सकते हैं। श्री मिश्रा ने समिति के सदस्यों के अधिकारों, कर्तव्यों और उनके कानूनी दायरे की जानकारी देते हुए युवाओं का आह्वान किया कि वे आगे आएं और समाज को सुरक्षित बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।



थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने कार्यशाला में युवाओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ काम करने के लिए संयम और जिम्मेदारी का होना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नगर रक्षा समिति से जुडऩा न केवल समाज सेवा का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं में नेतृत्व क्षमता और नागरिक जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करता है।

### नई कार्यकारिणी का होगा विस्तार

सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने इस अवसर पर समिति के गौरवशाली इतिहास और पूर्व में किए महत्वपूर्ण कार्यों का विवरण साझा किया। उन्होंने नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक ऊर्जावान युवाओं को जोडऩे पर जोर दिया, ताकि शहर के हर वार्ड और मोहल्ले में सुरक्षा का एक मजबूत घेरा तैयार किया जा सके।

### युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

कार्यशाला में विशेष रूप से उन युवाओं को मार्गदर्शन दिया गया जो भविष्य में पुलिस बल या अन्य अनुशासनात्मक सेवाओं में अपना करियर बनाना चाहते हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि समिति के माध्यम से प्राप्त जमीनी अनुभव और प्रशिक्षण उनके करियर निर्माण में काफी सहायक सिद्ध हो सकता है।

### जल गंगा संवर्धनः साफ सफाई और जागरुकता कार्य लगातार जारी

**इटारसी।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत नगर पालिका परिषद इटारसी का अमला जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार हेतु सघन प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में वार्ड 32 स्थित मार्केट परिसर में पेयजल स्त्रोतों की विशेष सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। साथ ही उपस्थित जनों को जल के सदुपयोग और संरक्षण की शपथ दिलाई गई।शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका अभियान के दौरान व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की गई कि वे पेयजल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें और गंदगी न फैलाएं। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा ने जनता से साझा अपील करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, इसलिए जल स्त्रोतों को साफ रखें और पानी का दुरुपयोग कम से कम करें।

## नशे में धुत ऑटो चालक का तांडव, दुकान और मकान की दीवार ढहाई, बाल-बाल बचे मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के व्यस्ततम मोरछली चौक क्षेत्र में शुक्रवार रात एक भीषण हादसा होते-होते टल गया। शराब के नशे में चूर एक ऑटो चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सीधे एक दुकान और मकान में टक्कर मार दी। इस घटना में दुकान की दीवार और मकान का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं पास ही खेल रहे बच्चे और राहगीर चमत्कारिक रूप से बच गए।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात लगभग 10:30 बजे एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर मोरछली चौक स्थित 'मोहन आभूषण भंडार' और उससे सटे गोलू गुप्ता के मकान में जा घुसा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ऑटो की गति इतनी अधिक थी कि टक्कर लगते ही दुकान की बाहरी दीवार ढह गई और मकान का चबूतरा व शटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ऑटो में चालक सहित तीन लोग सवार थे, जो पूरी तरह शराब के नशे में धुत थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गए।



### मौत के मुंह से निकले मासूम और राहगीर

यह हादसा जानलेवा साबित हो सकता था। घटनास्थल के पास ही कुछ बच्चे खेल रहे थे और सामने से एक महिला अपने बच्चे के साथ गुजर रही थी। गनीमत रही कि ऑटो के आने से कुछ सेकंड पहले ही बच्चे वहां से हट गए, वरना कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी। लोगों का कहना है कि लापरवाही की इस इंतहा ने कई मासूमों की जान जोखिम में डाल दी थी। हादसे के बाद ऑटो सवार तीनों आरोपी मौके से भागने की फिराक में थे, लेकिन वहां मौजूद सजग नागरिकों ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस कोतवाली और डायल 100 को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया और रात में ही ऑटो मालिक को भी थाने तलब किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने, सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने और नशे में ड्राइविंग करने की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने ऑटो को भी जब्त कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### मार्ग पर हिरण कार पर कूदा, दो लोग चोटिल

**बैतूल।** बैतूल-सारणी मार्ग पर स्टेट हाईवे में बंजारी माई के ढलान पर एक हिरण चलती कार पर कूद गया। घटना में कार सवार दो लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, राजेश राजने, जो एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के होम लोन विभाग में सेल्स का काम देखते हैं और बगडोना की साईं लीला रेसिडेंसी में रहते हैं, सारणी से बैतूल की ओर आ रहे थे। उनके साथ दिनेश, जो प्राइवेट इलेक्ट्रिशियन हैं, भी कार में सवार थे। जैसे ही उनकी टोयोटा टाइगर (कार) बंजारी माई के ढलान पर पहुंची, अचानक एक हिरण तेजी से आकर कार पर कूद गया। पूरी घटना महज 20 से 30 सेकंड में हो गई। टक्कर इतनी अचानक थी कि संभलने का मौका नहीं मिला। हादसे में दिनेश को गंभीर चोटें आई हैं। उनकी आंख के ऊपर तीन टांके आए हैं और नाक में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। वहीं राजेश को भी हल्की चोटें आई हैं। दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दिनेश को सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर लिया।

### सिविल सर्जन डॉ. घोरे ने रसोई का किया निरीक्षण



**बैतूल।** सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने शनिवार को जिला अस्पताल की रसोई कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को वितरित किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुपरवाइजर को निर्धारित टाइम टेबल के अनुसार भोजन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. घोरे ने भोजन का स्वाद भी चखा, जो संतोषजनक पाया गया। दलिया और सब्जी की गुणवत्ता उपयुक्त पाई गई, वहीं दाल के पतला होने पर उसे गाढ़ा बनाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा दूध के पतला पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेका कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा। इस अवसर पर आरएमओ डॉ. रानू वर्मा भी उपस्थित रहे।

### डॉ. सैमुअल हैनीमैन जयंती धूमधाम से मनाई

**बैतूल।** होम्योपैथी के जनक डॉ.सैमुअल हैनीमैन की जयंती के अवसर पर जिले में भव्य समारोह का आयोजन ग्रीन पैलेस में किया गया, जिसमें जिले के सभी होम्योपैथिक चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम डॉ.एएम बरडे, डॉ.अरविंद मोहन, रेड क्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष डॉ.जयसिंहपुरे, डॉ.शीतल मालवीय, डॉ.सुषमा सोनी, सीएमओ डॉ.जगदीश घोरे, डीएचओ डॉ. राजेश परिहार तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ.योगेश चौकीकर के आतिथ्य में और डॉ.सुमित मदरेले की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

## 1490 भवन अनुज्ञा स्वीकृति, 623 बने हार्वेस्टिंग सिस्टम

# लगातार गिरता जा रहा भू-जल स्तर, लोगों को नहीं दिलचस्पी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर में बढ़ती आबादी के साथ-साथ आवासीय और व्यवसायिक निर्माण तेजी से हुआ है। इन मकानों के लिए नगरपालिका से निर्माण की अनुमति लेते समय लोगों ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का वादा किया था और धरोहर राशि भी जमा कराई थी, लेकिन अधिकांश लोगों ने हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनाया। नतीजा पानी बचाने की दिशा में काम नहीं होने से लगातार जमीनी जलस्तर गिरता जा रहा है।

बता दे कि बारिश व घरों से निकलने वाले पानी को एकत्रित करने के लिए भवन के आसपास एक गहरा गड्ढा किया जाता है। जिसमें घरों एवं भवनों की छतों से निकलने वाला बरसात का पानी तथा घरों से निकलने वाला पानी इस गड्ढे में पाइप के माध्यम से जमीन के अंदर पहुंचते है। इससे भूजल स्तर रिचार्ज होता है। नपा में शुल्क जमा करना होता है। यदि भवन मालिक हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनता है तो नपा बनवाकर देती है, अन्यथा भवन मालिक द्वारा हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाये जाने पर राशि वापस मिलती है। किन्तु अधिकांश लोग नपा में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए एफडी तो जमा करते है, लेकिन हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनवाते है। जिससे यह एफडी मुक्त नहीं हो पाती है। इधर नपा भी ऐसे लोगों पर ठोस कार्रवाही नहीं करता है। जिससे हार्वेस्टिंग सिस्टम को केवल फाइलों में ही सीमित रह गया है।

### हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर खास अमल नहीं

साल दर साल शहर का क्षेत्रफल बढ़ रहा है। नई-नई कालोनियां और नये-नये भवनों का निर्माण हो रहा। वर्तमान में ही एक दर्जन से अधिक कालोनियों विकसित हो रही है। इन क्षेत्रों में सीमेंट सडके बन रही, लेकिन भूजल को बढ़ाने कोई काम नहीं हो रहा। केवल वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर ही अमल हो जाये तो गर्मी के दिनों में भी लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। किन्तु हर साल की तरह इस साल भी रेन वाटर हावेस्टिंग सिस्टम को लेकर खास अमल नहीं हुआ। यदि नगरपालिका रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेकर जन जागरुकता के लिए काम करे तो बारिश के पानी को व्यर्थ बहने से रोका जा सकेगा।

### एफडी जमा की, लेकिन नहीं बनाया हार्वेस्टिंग सिस्टम

नियमानुसार सभी भवनों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य है, ताकि वर्षा जल का संरक्षण हो सके और भूजल स्तर को बनाए रखने में मदद मिल सके। इसके बावजूद कई मामलों में केवल एफडी जमा कर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है और सिस्टम नहीं बनाया जाता है। नियमों के अनुसार भवन निर्माण की अनुमति के समय दस हजार रुपए की एफडी जमा कराई जाती है। निर्माण पूरा होने और रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनने के बाद भवन मालिक को फोटो सहित आवेदन देना होता है, जिसके बाद राशि वापस मिलती है। लेकिन लोग राशि जमा करने के बाद न तो हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाते है और न ही एफडी मुक्त करवाते है।

### लगातार गिर रहा जिले का भूमि जलस्तर

शहर में ट्यूबवेल और अन्य स्रोतों के जरिए भूमि से दोहन किया जा रहा है, बदले में उतना पानी जमीन में नहीं पहुंच पा रहा है। इसी का परिणाम है कि जिले में भूजल स्तर लगातार गिरते जा रहा है और यदि यही हाल रहा तो आगामी समय में गंभीर पेयजल संकट की स्थिति से भी इंकार भी नहीं किया जा सकता है। अभी भी भू-जलस्तर के हालात कुछ ठीक नहीं। जिले का निरंतर जलस्तर गिरने से फरवरी-मार्च में ही कई हैंडपंप और ट्यूबवेल हवा उगलने लगे है। ग्रामीण क्षेत्र की बात तो छोड़िये, बैतूल जिला मुख्यालय में अभी तक हार्वेस्टिंग सिस्टम को लागू करने के लिए नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई कदम नहीं उठाए हैं।

### 623 की एफडीआर मुक्त

सरकार ने भवन निर्माण के साथ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाने की अनिवार्यता कर रखी है। नियम है कि यदि भवन बनाने वाले ने स्वयं ही वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवा लिया है तो उसके द्वारा जमा की गई राशि नगरपालिका वापस करेगी। हैरत की बात यह है कि वर्ष 2021 से अब तक 1490 लोगों ने भवन निर्माण की अनुमति ली, किन्तु इनमें से अभी तक मात्र 623 लोगों ने ही एफडीआर मुक्त कराया है यानि अपने आवास में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए हैं। जबकि रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के लिए सभी से एफडी जमा कराई गई है।

### इनका कहना है

पिछले दो-तीन सालों में जिन लोगों ने भवन अनुज्ञा की अनुमति ली हैं उनके घरों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बने हैं या नहीं, इसकी जांच कराई जा रही है। नगरपालिका की टीमें सूची के आधार पर सभी मकानों का निरीक्षण कर रही है। मौके पर रेनवॉटर सिस्टम बने होने पर जीपीएफ लोकेशन भी लगाई जा रही है।

**- नीरज धुर्वे**, एई, नगरपालिका बैतूल

# शराब ठेकेदार की मनमानी, कमिश्नर से अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग

## आरोपः ठेकेदार की गाड़ी से गांव-गांव पहुंच रही अवैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला



क्षेत्र में शराब ठेकेदार की मनमानी का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ठेकेदार की गाडिय़ों से खुलेआम अवैध शराब होटलों, ढाबों और ग्रामीण इलाकों में सप्लाई की जा रही है।

यह गतिविधि न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि युवाओं और ग्रामीण समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि देर रात तक इन स्थानों पर शराब की बिक्री हो रही है, जिससे असामाजिक गतिविधियों में भी बढ़ोतरी हो रही है। प्रशासन की अनदेखी के कारण यह अवैध कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। नागरिकों ने नर्मदापुरम कमिश्नर से अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। नागरिकों ने मांग की है कि अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में अधिवक्ता राजेन्द्र उपाध्याय और अधिवक्ता सफी खान ने बताया कि अवैध शराब को लेकर पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की गई है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि अवैध शराब के कारोबार पर तुरंत अंकुश लगाया जाए।

### इनका कहना है

होटलों ढाबों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही बोडखी क्षेत्र में अवैध शराब पर पांबदी लगाई जायगी।

**- नितिन उइके** चौकी प्रभारी बोडखी

### निशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर का किया समापन, 2416 मरीजों ने लिया लाभ

**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा टिकारी स्थित जिला आयुर्वेद चिकित्सालय एवं जिला चिकित्सालय के आयुष विंग में 11 मार्च 2026 से 11 अप्रैल तक आयोजित निशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर का समापन शनिवार को जिला आयुष कार्यालय टिकारी में किया गया। समापन कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर, विक्रम वैद्य, सांसद प्रतिनिधि कैलाश धोटे, विकास मिश्रा सहित पंचकर्म शिविर की नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका उडक़े एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र डडोरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने पंचकर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभव साझा किए और आमजन से आयुष पद्धति को अपनाने की अपील की। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि मप्र शासन के निर्देशन में आयोजित हुआ।

## परिजनों की नापसंद बना मौत

# प्रेमी ने फांसी लगाई, युवती ने जहर खाकर दे दी जान




**बैतूल।** एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। इसकी जानकारी जब प्रेमिका को लगी तो उसने जहर खा लिया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली टीआई देवकरण डहरिया के मुताबिक, मृतक की पहचान महावीर वार्ड निवासी 25 वर्षीय शिवांश सोनी के रूप में हुई है।

शिवांश रायपुर के इंडियन कॉफी हाउस में मैनेजर था और दो-तीन दिन पहले ही बैतूल आया था। शुक्रवार शाम उसने अपने घर की छत पर बने कमरे में फांसी लगा ली। शिवांश की मौत की खबर मिलते ही उसकी महिला मित्र टूट गई। शनिवार सुबह उसने भी जहर खा लिया। युवती मूल रूप से साईंखेड़ा की रहने वाली है। वह बैतूल में कम्प्यूटर ऑपरेटर का काम करती है। कोतवाली टीआई देवकरण डहरिया के मुताबिक, दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे। शायद परिजन को यह पसंद नहीं था, इस कारण लडके ने सुसाइड कर लिया। कल हमारी टीम गश्त कर रही थी, उसी समय एक बच्ची डैम के ऊपर दिखी। वह उसमें कूदने वाली थी। हमारी टीम उसे थाने लाई। 4 घंटे उसकी काउंसलिंग की। उस वक्त युवती ने पुलिस को बताया था कि शिवांश मरने जैसी बातें कर रहा है। अभी पता चला कि उसने जहरीला पदार्थ पी लिया। अभी उसका बयान कराया है। दोनों मामले की जांच की जा रही है।

## विद्यार्थियों के लिए आयोजन

# नमो इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर एज्यूकेशन ने टेबलेट व किट बांटे



**बैतूल।** नमो इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्युटर एजुकेशन एवं आशादीप कम्प्युटर ऐजुकेशन, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में 10 अप्रैल को बढी संख्या में विद्यार्थियो को ट्रेनिंग किट एवं टेबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से की गई।

कार्यकम के मुख्य अतिथि श्रीराम शिक्षा परिषद के अध्यक्ष सुशीला देवी अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि अंबेडकर महाविद्यालय के संचालक इंजी धुरवप्रकाश अग्रवाल एवं अंजना देवी अग्रवाल उपस्थित रही। कम्प्युटर इंस्टीट्यूट के संचालक सर्वेश अग्रवाल ने बताया विद्यार्थियो को 6 माह प्रशिक्षण कार्यकम के उपरांत आज 100 से अधिक विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम के बाद मार्कशीट, टी शर्ट एवं टेबलेट का वितरण किया जा रहा है। कम्प्युटर प्रशिक्षक कविता गीद, एवं चमन कुमरे द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है। बच्चों को कम्प्युटर ज्ञान से परिचय करवाना एवं इस आधुनिक युग में तकनीकि कौशल में दक्षता बढाना अनिवार्य है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा ट्रेनिंग किट वितरण किया गया।

### अम्बेडकर जयंती पर जिले में होंगे विविध कार्यक्रम, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**बैतूल।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिला मुख्यालय में समस्त अधीक्षक एवं अधीक्षिकाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि 12 अप्रैल 2026 को प्रातः 8 बजे जिला मुख्यालय स्थित बालक छात्रावास परिसर में अधिकारी एवं कर्मचारी सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। उन्होंने निर्देश दिए गए कि सामान्य प्रशासन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जारी कार्यक्रम समय-सारणी का पालन सुनिश्चित किया जाए। छात्रावासों एवं आश्रमों में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन, उनके विचारों, लोकतंत्र एवं देश के प्रति योगदान तथा संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर आधारित निबंध, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

## बस स्टैंड पर सहायक संचालक और सीएमओ ने लगाई झाड़ू

# 3 दिन में व्यवस्थाएं सुधारें : सहायक संचालक मालवीय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

स्वच्छता का त्यौहार अभियान के अंतर्गत शनिवार सुबह लगभग 10 बजे नगर पालिका परिषद बैतूल के अधिकारीयों और जनप्रतिनिधियों की टीम कोठीबाजार स्थित बस स्टैंड पर पहुंची और उनके द्वारा कोठीबाजार बस स्टैंड पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में चलाए जा रहे इस अभियान में भोपाल से आए बैतूल जिले के स्वच्छता प्रभारी सहायक संचालक सतीश मालवीय ने भी मौके पर पहुंचकर अभियान में सहभागिता की। इस दौरान बस स्टैंड पर चलाए जा रहे अभियान में नगरपालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, स्वच्छता शाखा सभापति कैलाश धोटे, पार्षद पिंटू परिहार, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, विक्रम वैध सहित अन्य पार्षदगण, नगर पालिका के सीएमओ नवनीत पांडे सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्यां में आम नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बस स्टैंड परिसर पर व्यापक साफ-सफाई की। भोपाल से पहुंचे सहायक संचालक श्री मालवीय द्वारा बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण कर आगामी तीन दिनों में पूरे क्षेत्र को पूरी तरह स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने दीवारों की सफाई, जाले हटाने, शौचालयों की स्थिति सुधारने, रेड स्पॉट हटाने, पूरे परिसर में पोछा लगाने और पीछे के क्षेत्र की जेसीबी मशीन से सफाई व समतलीकरण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए पंखे चालू करने, ट्विनबिन लगाने, लाइट लगाने, प्रतीक्षालय से अनावश्यक बैनर-पंपलेट हटाने, पेयजल मशीन को चालू रखने और उसकी नियमित देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। शौचालयों में नियमित सफाई और उपयोग का रिकॉर्ड रखने हेतु रजिस्टर मेंटेन करने पर भी जोर दिया गया।

### अभियान से समाजसेवियों को जोड़ने की पहल

नगरपालिका ने आगामी चरणों में इस अभियान से अधिक से अधिक समाजसेवियों को जोडने की योजना बनाई है। इससे पहले नेहरू पार्क में भी इसी अभियान के तहत व्यापक सफाई की जा चुकी है। वहीं गिलहरी प्रयास अभियान के अंतर्गत स्वच्छता टीम द्वारा घर-घर जाकर नागरिकों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने हेतु जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के तहत नगरीय प्रशासन के निर्देशानुसार सहायक संचालक सतीश मालवीय द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउंड और सार्वजनिक शौचालयों का औचक निरीक्षण भी किया गया तथा सफाई व्यवस्था को और व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए गए।

# जिला जेल बैतूल एवं उपजेल मुलताई में जेल लोक अदालत 26 को लगेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार 26 अप्रैल 2026 को जेल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में जिला जेल बैतूल और उपजेल मुलताई में आयोजित इस जेल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित छोट-मोटे अपराध, समझौता योग्य अपराध, प्ली बारगेनिंग मामले तथा अन्य उपयुक्त आपराधिक मामलों का राजीनामा द्वारा निराकरण किया जाएगा।

जेल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों पर नियंत्रण तथा समन्वय के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा रईस खान विशेष न्यायाधीश बैतूल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। नोडल अधिकारी द्वारा 10 अप्रैल को समस्त डिफेंस काउंसल की बैठक ली गई। प्ली बारगेनिंग प्रक्रिया एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें अपराध का अभियुक्त यदि अपराध स्वीकार कर लेता है तो उसे सजा में रियायत मिल जाती है और प्रकरण का निराकरण हो जाता है, किन्तु इसके अंतर्गत 7 वर्ष या उससे अधिक अवधि की सजा और महिलाओं से संबंधित अपराध शामिल नही है।

### जागरूकता के लिए शिविर आयोजन

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चन्द्र थपलियाल के आदेशानुसार जेल लोक अदालत की जानकारी एवं इसके लाभ उठाने के लिए विचाराधीन बंदियों को जागरूक करने के लिए 11 अप्रैल 2026 को जिला जेल बैतूल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय एवं चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसल श्याम किशोर शुक्ला द्वारा प्ली बारगेनिंग प्रक्रिया एवं अन्य कानूनी धाराओं की जानकारी दी। डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसल एजाज खान एवं राकेश कुमार राकसे द्वारा बंदियों से उनके प्रकरणों में चर्चा की। असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल सुनील कुमार मोरे, मंगल एवं रघवेन्द्र रघुवंशी द्वारा जेल सूची की स्क्रूटनी कर बंदियों को चिन्हित करने का कार्य किया गया। उन्होंने अपील है कि ऐसे व्यक्ति जिनके परिवार के सदस्य जिला जेल बैतूल अथवा उपजेल मुलताई में निरूद्ध है और उनका अपराध उक्त श्रेणी में आता है और जो जेल लोक अदालत में अपने प्रकरणों में राजीनामा कराने के इच्छुक है।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मानित हुए

# कलेक्टर ने विकास के नए आयाम स्थापित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के कुशल निर्देशन में बैतूल जिले ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उनके कार्यकाल में प्रशासनिक कसावट के साथ शासन की योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ, जिससे जिले की कार्यप्रणाली अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं परिणाममुखी बनी।

राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, नजूल पट्टा नवीनीकरण एवं भू अर्जन जैसे प्रकरणों की सतत समीक्षा कर उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया गया। इससे आमजन को त्वरित राहत मिली तथा राजस्व सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। आंकड़ों की बात करे तो 31 मार्च तक दर्ज कुल 81177 प्रकरणों में से 73584 प्रकरणों का निराकरण किया गया जोकि पंजीकृत प्रकरणों की संख्या का 90.65 प्रतिशत हैं। जिसमें जिला प्रदेश के अग्रणी 5 जिलों में शामिल है। इसी प्रकार स्वामित्व योजना के शत प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया गया है।



### आदि कर्मयोगी अभियान के लिए पुरस्कृत

केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के 554 ग्रामों में उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए बैतूल को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं जल संचय जनभागीदारी अभियान में जल संरचनाओं के निर्माण एवं जनसहभागिता को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रदेश स्तर पर भी बैतूल ने उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कीं। टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत पहल तथा सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जिले को सम्मानित किया गया।

### ई ऑफिस प्रणाली के क्रियांवयन में बैतूल रहा अग्रणी

प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन में भी बैतूल जिला लगातार अग्रणी रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न जनहित के मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया। स्वरोजगार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना एवं संत रविदास स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

### पीएम स्वनिधि योजना में जिले का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

कोविड काल में पथ विक्रेताओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए प्रारंभ पीएम स्वनिधि योजना में जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 28,092 के लक्ष्य के विरुद्ध 36,966 ऋण प्रकरण बैंकों को प्रेषित किए गए, जिनमें से 32,127 प्रकरण स्वीकृत एवं 31,342 प्रकरण वितरित किए गए, जो कुल लक्ष्य का 111.57 प्रतिशत है। चालू वित्तीय वर्ष में भी जिले ने योजना के तीनों चरणों में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी है।

### सीएम हेल्पलाइन में जिला प्रदेश में ए ग्रेड के साथ अग्रणी

जनसमस्याओं के निराकरण के प्रति कलेक्टर श्री सूर्यवंशी सदैव संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध रहे। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जिला प्रदेश में ए ग्रेड के साथ अग्रणी रहा। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए वे स्वयं मौके पर पहुंचकर समस्याओं का समाधान कराते रहे। विशेष रूप से बच्चों एवं विद्यार्थियों से जुड़े मामलों में त्वरित राहत प्रदान करने के साथ दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की गई। समग्र रूप से कलेक्टर श्री सूर्यवंशी के नेतृत्व में बैतूल जिला सुशासन, नवाचार एवं जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का एक उत्कृष्ट मॉडल बनकर उभरा है।

### एक सप्ताह तक भरा रहा पानी सड़क से उतरा तो नजर आए गड्ढे

# हाईवे पर जलभराव की समस्या यथावत, 3 साल से जनता परेशान

**सोहागपुर स्थित स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या से आमजन और राहगीर परेशान हो रहे हैं। मुख्य रूप से बारिश के मौसम में करीब 200 मीटर तक के विस्तार में हाईवे पर पानी भर जाता है। जिससे नागरिक परेशान होते हैं। प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



शहर में सीएम राइज़ स्कूल के समीप स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या है। यह समस्या तीन वर्षों से है तथा नागरिक पूरे वर्षभर परेशान होते हैं। मुख्य रूप से बारिश के मौसम में करीब 200 मीटर तक के विस्तार में हाईवे पर पानी भर जाता है। जिससे नागरिक परेशान होते हैं।

नागरिकों के अनुसार प्रशासन द्वारा सड़क पर आए दिन बजरा डालकर समस्या का अस्थायी समाधान खोजा जाता है। लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से जनता परेशान है। नप सूत्रों द्वारा बताया जाता है कि निकाय द्वारा करीब 30 लाख रुपये लागत से नाली बनाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन कुछ अंजान ताकतों के कथित दबाव के चलते नाली निर्माण नहीं हो रहा है, और समस्या यथावत बनी हुई है। फिलहाल स्टेडियम की दुकानों में संचालित कुछ होटलों की पानी निकासी के चलते वाइन शॉप के ठीक सामने पानी भरा हुआ है। वहीं सरदार वार्ड क्षेत्र की कच्ची नाली का पानी भी सड़क पर जमा हो रहा है। लगातार जल भराव के कारण सड़क में गड्ढे हो गए हैं तथा कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना पूर्व की भांति हो सकती है। नागरिकों ने सुधार व नाली निर्माण की मांग की है।

### कच्ची नाली का पानी भरा रहा

उल्लेखनीय कि पिछले एक सप्ताह से अधिक समय तक सड़क पर होटलों का एवं सरदार वार्ड की कच्ची नाली का पानी भरा रहा। बहुत अधिक मात्रा में यह पानी सड़क पर भरा रहा, जिसके कारण लोगों की आवाजाही बाधित हुई। वहीं पानी के लगातार भरे रहने के कारण सड़क को क्षति हुई है। इसका प्रमाण तब सामने आया जब एक सप्ताह बाद पानी सड़क से खाली हुआ तो बड़े तथा गहरे गड्ढे सड़क में नजर आने लगे हैं। जिनके कारण लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नागरिकों ने मांग की है कि पुराने नाले को खोला जाए। साथ ही जनता ने अपेक्षा की है कि प्रशासन अपने डर को त्यागकर जनहित के लिए निर्णय लेने की क्षमता दिखाए। तभी समस्या का स्थाई समाधान हो सकेगा।



# गूगल पर नंबर सर्च करना पड़ा व्यक्ति को महंगा, 1.20 लाख की साइबर ठगी हुई

### कोरियर ट्रैकिंग के बहाने खाते से उड़ाई बड़ी राशि, पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर नगर के इंदिरा वार्ड का निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया है। मामले में एक लाख रुपये से अधिक की ठगी युवक के साथ हुई है। पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार गूगल पर कोरियर कंपनी का नंबर सर्च करना और उस पर कॉल करना एक युवक को भारी पड़ गया। अज्ञात आरोपी ने कोरियर ट्रैकिंग के बहाने युवक के खाते से करीब एक लाख 20 हजार रुपये निकाल लिए हैं।

पुलिस के अनुसार फरियादी शेख शादाब ने बताया कि वह कार इंश्योरेंस का कार्य करता है। 31 मार्च 2026 को उसने मधुर कोरियर सोहागपुर से एक बंद लिफाफा वास्तु फाइनेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इंदौर को भेजा था। लिफाफे में गाड़ी के दस्तावेज थे। छह अप्रैल 2026 तक पार्सल के गंतव्य स्थान को नहीं पहुंचने पर शेख शादाब ने गूगल पर कोरियर कंपनी का नंबर सर्च किया तथा उस पर संपर्क किया। कॉल करने पर सामने वाले व्यक्ति ने डिलीवरी बॉय का नंबर देने के नाम पर पहले दो रुपये ट्रांसफर करने को कहा। जैसे ही फरियादी ने दो रुपये ट्रांसफर किए, वैसे ही उसके खाते से क्रमशः रकम कटनी शुरू हो गई। और इस तरह उसके बैंक खाते से 1,20,006 रुपये निकाल लिये गए। इसके बाद उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ। फरियादी ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं 319 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने की अपील

सोहागपुर पुलिस ने आमजनों से साइबर क्राइम मामलों से बचाव को लेकर अपील की है। पुलिस ने आमजनों को मीडिया के माध्यम से सूचित किया है कि गूगल पर उपलब्ध किसी भी नंबर या विज्ञापन की सबसे पहले सत्यता की जांच करें। उसके बाद ही किसी प्रकार का लेन-देन करें। ताकि साइबर ठगी से बचा जा सके। साथ ही साइबर ठगी से संबंधित मामलों के सतत अध्ययन करने व थाने में संपर्क करने की अपील भी पुलिस ने सोहागपुर क्षेत्रवासियों से की है।

### नान एफएक्यू चना सोहागपुर विधानसभा से आकर पिपरिया में खरीदी



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की कृषि उपज मंडी के परिसर में समर्थन मूल्य पर चना मसूर तुअर की खरीदारी केंद्र सरकार कि योजना अनुसार मार्केटिंग सोसायटी के माध्यम से खरीदी गई है। लेकिन लगभग 300किंवटल की खरीदारी के बाद पोर्टल बंद हो गया था तो खरीदी बंद कर दी गई है। लेकिन अब पिपरिया मंडी में आकर सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से कोई राघवेन्द्र पटेल प्रबंधन के द्वारा समर्थन मूल्य पर चना खरीदी की जा रही है। इस विषय में राघवेन्द्र पटेल से चर्चा की तो बताया कि एनसीसी एफ कंपनी के द्वारा संबंधित खरीदी की जा रही है। सर्वेयर भी नियुक्त किया गया है। लेकिन मौके पर लगातार देखा गया कि नान एफएक्यू चना की खरीदारी की जा रही है। सर्वेयर के पास कोई मापदंड नहीं है। न कोई मशीन है जिसमें नमी, कचरा, टुटना, आदि कुछ भी नहीं है। 5800रुपे किवंटल निर्धारित कर बताई जा रही है। यहां पर लगभग सभी किसानों सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के आ रहे हैं। यही पर पंजीकृत करा सकते है। तथा तुरंत बाद तुलावटी हम्माल मजदूर तौल रहे हैं। किसानों को कोई सुविधा नहीं है। तुलावटी हम्माल मजदूर तौल अपने अनुसार कार्य कर रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने बताया कि उनके लिए जानकारी नहीं है। पीने के लिए पानी तक नहीं है। राघवेन्द्र पटेल ने बताया कि सेवा सहकारी समिति के अनुसार ही खरीदी गई है।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

### शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र सहित अध्यापक शिक्षक संयुक्त तत्वावधान में ब्लाक अध्यक्ष ने साथियों के साथ नायाब तहसीलदार नीरज बैंस को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिक्षेत्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा टी ई टी की अनिवार्यता समाप्त कर एवं नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने के संबंध में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना दिनांक 10 अगसत 2010 कडिका के अनुसार 3सितंबर 2001 के पश्चात नियुक्त शिक्षक संविदा शाला के पूर्व नियुक्त शिक्षा कर्मियों वा संविदा शिक्षक शाला शिक्षक गुरुजी से संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक को पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान करने की मांग की है। तथा पेंशन ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण जैसे संवैधानिक लाभ पदोन्नति क्रमोन्नत की भांति सुनिश्चित करने की आशा व्यक्त की है।

इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष दीपक सिंह रघुवंशी राम गुप्ता नगर अध्यक्ष सपाकस स्पीक संघ सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# इटारसी में शिक्षकों ने जताया विरोध, ज्ञापन सौंपा, की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, विकासखंड केसला ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने और प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करने की मांग की है। राज्य शिक्षक संघ एवं ट्राइबल टीचर एसोसिएशन नर्मदापुरम की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मौर्य ने बताया कि शिक्षकों का कहना है कि प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षक इस निर्णय से प्रभावित हो रहे हैं और मानसिक तनाव में हैं। ज्ञापन सौंपते समय राज्य शिक्षक संघ और ट्राइबल टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# माखननगर में भी शिक्षकों ने जताया विरोध वरिष्ठता का लाभ दिए जाने कि मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



तहसील कार्यालय परिसर में शिक्षक संघ के बैनर तले ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एकजुट होकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया तथा तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने अपनी प्रमुख मांगों को रखते हुए कहा कि टीईटी निवार्यता समाप्त करो एवं "प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दो" जैसे मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं, जिनका शीघ्र समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि TET की अनिवार्यता के कारण वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के भविष्य पर अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जो न्यायोचित नहीं है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप राहत प्रदान की जानी चाहिए, जिससे उनके अधिकारों की रक्षा हो सके। इस दौरान शिक्षक संघ के प्रमुख रूप से गजेंद्र बछले, अमित गौर, संतोष सोनी, संतोष मीणा, हेमराज तिवारी, डॉ. अमजद खान, रमन गोस्वामी, राजेश मालवीय, सुनीता तिवारी, मेहनीगार खान, रीता उपाध्याय, विनीता तिवारी, नीलू व्यास, रश्मि जायसवाल, तपस्या विश्वकर्मा सहित ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत में प्रतिनिधिमंडल द्वारा तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए आशा व्यक्त की गई कि उनकी मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### वैशाख मास में शिव के सिर पर गिर रही धारा



**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी शिव मंदिर में तेज तापमान होने से बढ़ती हुई गर्मी के कारण भगवान शिव के सिर पर जल धारा प्रारंभ हो गई है। सभी शिव मंदिर में समितियों के द्वारा भक्तों के द्वारा भगवान शिव के सिर पर जल धारा प्रारंभ करने के लिए घड़ा भर कर पतली जल धारा प्रारंभ कर दी है। जिसमें की भगवान शिव को हलाहलपिने से जो गर्मी लगती है। उसके शांत करने हेतु लगातार यह हर मंदिर पुरे वैशाख मास में चलती है। गर्मी प्रारंभ होते ही भोले बाबा को शीतलता प्रदान करने की परंपरा है।जिसका शुभारंभ हो गया है।

# विविध जन समस्याओं को लेकर जन कल्याण समिति की बैठक 14 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

जनकल्याण समिति द्वारा समय-समय पर जन समस्याओं के निराकरण एवं क्षेत्र विकास की संभावनाओं को लेकर जनता से संपर्क किया जाता है। अब सोहागपुर क्षेत्र की रेलवे सहित अन्य समस्याओं के निराकरणों को लेकर 14 अप्रैल को सोहागपुर जनकल्याण समिति द्वारा एक वृहद बैठक का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राम निरंजन जायसवाल ने हरिभूमि प्रतिनिधि को बताया कि सोहागपुर क्षेत्र में जन विकास की बहुत संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं पर जनता से विमर्श करने तथा समस्याओं की पूर्ति के लिए शांतिपूर्ण गतिविधि संचालक को लेकर एक बैठक की जाएगी। जायसवाल ने बताया सोहागपुर क्षेत्र के समस्त बुद्धिजीवियों से उन्होंने व्यक्तिगत भेंटकर बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से निवेदन किया है कि बेठक में उपस्थित हों। यह बैठक भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2026 को रेलवे स्टेशन परिसर में टिकट विंडो के समीप स्थित शंकर भगवान के चबूतरे पर शाम लगभग 7 बजे की जाएगी।

# अब नगरवासियों को मिलेगा शुद्ध नर्मदा पेयजल

### पार्षद सभापति ईश्वरदास जमीदार की पहल रंग लाई , नर्मदा नल जल योजना का शत प्रतिशत कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



नगर के वार्ड क्रमांक 9 में बहुप्रतीक्षित नल-जल योजना का कार्य आखिरकार पूर्ण हो गया है। लंबे समय से पेयजल की समस्या से जूझ रहे वार्डवासियों के लिए यह खबर बड़ी राहत लेकर आई है। अब वार्ड के लोगों को जल्द ही नर्मदा का शुद्ध पेयजल सीधे घरों तक मिलने लगेगा। वार्ड के पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार की लगातार कोशिशों और प्रयासों का यह सकारात्मक परिणाम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमारे वार्ड पार्षद द्वारा इस योजना को लेकर लगातार न.पा अध्यक्ष और अधिकारियों से संपर्क बनाए रखा गया और कार्य में आ रही बाधाओं को दूर कराने में अहम भूमिका निभाई गई। पार्षद ईश्वरदास जमीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव में किए गए वादे अनुसार अपने वार्ड क्रमांक 9 में अरविंद गली राधा गली साई चौक गली ढीमर गली शिक्षक कॉलोनी शाहिद पटेल कॉलोनी सरदार वल्लभ भाई पटेल मांगलिक भवन मार्ग जो नर्मदा जल पाइपलाइन से रह गए थे उनमें अब नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने, कनेक्शन देने और जल सप्लाई की पूरी व्यवस्था का कार्य अब पूर्ण कर लिया गया है। वही नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन की पहल के कारण नल कनेक्शन कार्य के दौरान सभी को रियायत दरों पर कनेक्शन प्रदान किया जा रहा हैं बहुत जल्द तकनीकी परीक्षण के बाद जल्द ही नियमित जल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। इससे वार्ड के सैकड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य ओर उनकी सक्रियता के लिए पार्षद ईश्वरदास जमींदार का आभार जताया है।

### बीकोर में सड़क की नपती को लेकर मारपीट

**माखननगर।** बीकोर से मजलपुर रोड का निर्माण जिसकी नपती के लिए राजस्व विभाग के आर आई और पटवारी सड़क के लिए नपाई कर रहे थे तभी विजय सिंह राजपूत आया और कहने लगा यहां से रोड नहीं बनेगा दूसरी तरफ से रोड बनाओ और दूसरे तरफ खेत के मालिक संजय पुरोहित को गंदी गंदी गाली देने लगा संजय ने गाली देने से मना किया तो उसने फोन करके गांव से उमेश भू रा और गुल्लू को बुलाया चारों ने मुझे एवं मेरे बेटे मोहिल को डंडे से मारा जिससे हम दोनों को चोटे आई हैं पुलिस ने संजय पुरोहित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### कालेज में रखे गए सकोरे

# सकोरों से सजी परिसर की शाखाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा




शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा में वनस्पति शास्त्र विभाग, इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पर्यावरणीय गतिविधि का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन वर्तमान में बढ़ती भीषण गर्मी तथा उसके कारण पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं को होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए किया गया।

गर्मी के तीव्र प्रभाव को देखते हुए छात्राओं ने अत्यंत उत्साह एवं जागरूकता का परिचय देते हुए "सकोरे" (मिट्टी के छोटे पात्र) महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर पेड़-पौधों पर सावधानीपूर्वक लटकाए। इन सकोरों में स्वच्छ जल भरकर पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। इस पहल ने न केवल परिसर को जीवंत बनाया, बल्कि प्रकृति के प्रति मानवीय संवेदनाओं को भी उजागर किया। इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, जीव-जंतुओं के प्रति करुणा तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हुआ। छात्राओं ने स्वयं आगे बढ़कर इस कार्य में भाग लिया।

### ब्लॉक में कांग्रेस के 10 मंडल अध्यक्ष नियुक्त



**माखन नगर।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक में मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति की है माखन नगर ब्लॉक में 10 मंडलम अध्यक्ष बनाए गए हैं जिसमें माखन नगर मंडलम अध्यक्ष की जवाबदारी शैलेंद्र जोशी को सौंपी गई है। झालौन, मंडलम में राजकुमार मकारे पटेल, जावली, निखिलेश सरयाम, बागरा, नरेंद्र मालवी, गुजरवाड़ा ,लक्ष्मी नारायण यादव, शिवपुर ,अजय दीवान, सांगा खेड़ा कला, बसंत पटेल, आरी, रामकिशन यादव, सांगा खेड़ा खुर्द, सुमन चौधरी, नसीराबाद, नवीन मुराड़िया, शैलेंद्र जोशी समेत सभी मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति पर कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल का आभार प्रकट किया है।

# वाइल्ड लाइफ आर्टिकल्स, मामले में आरोपियों को मिली जमानत, मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह में हुई थी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में स्थित एक रिसोर्ट में मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह में डिस्प्ले से वन्यजीवों के अवयव जप्त किये गए थे। वन विभाग ने प्रकरण में रिसोर्ट जनरल मैनेजर तथा नैचुरलिस्ट को आरोपी बनाया था। दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में थे। दोनों को जबलपुर हाईकोर्ट से जमानत मिली है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रतीक प्रभातचंद तिवारी सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार हाईकोर्ट ने शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 को आरोपियों फैज़ान अंसारी तथा निपुण कुमार मेहतो को जमानत दी है। जिसके बाद दोनों को पिपरिया उपजेल से रिलीज़ कराया गया है। अधिवक्ता प्रतीक प्रभातचंद तिवारी सोहागपुर के अनुसार न्यायमूर्ति रामकुमार चौबे की एकलपीठ ने वन्यजीव मामले में सुनवाई करते हुए वर्ल्ड लाइफ नेचुरलिस्ट फैजान अंसारी और जरनल मैनेजर निपुण कुमार महतो की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है।

मामले के अनुसार सोहागपुर स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के फोर्सिथ रिजॉर्ट के एक कमरे से वन्यजीवों से संबंधित कुछ वस्तुएं, जिनमें हिरण के सींग, सांप की खाल और साही के कांटे वन विभाग ने बरामद किए गए थे। इस आधार पर वन विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। प्रतीक तिवारी ने बताया कि सुनवाई दौरान आवेदकों के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि बरामद वस्तुएं अधिनियम में परिभाषित 'पशु वस्तु' की श्रेणी में नहीं आतीं और आवेदकों को झूठा फंसाया गया है। साथ ही यह भी कहा गया कि आवेदकों ने जांच में पूरा सहयोग किया है और उन्हें लंबे समय तक जेल में रखना उचित नहीं है। वहीं राज्य की ओर से प्रस्तुत पक्ष में कहा गया कि बरामद सामग्री 'ट्रॉफी' की श्रेणी में आती है, जिससे प्रथम दृष्टया अपराध बनता है और जमानत नहीं दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के एक-एक जमानतदार पर रिहा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्हें न्यायालय में निर्धारित तिथियों पर उपस्थित रहने एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### खिरकिया आए नगरीय प्रशासन अधिकारी

**हरदा।** गतदिवस संयुक्त संचालक नगरी प्रशासन एवं आवास के भोपाल संभाग के सुरेश बेलिया का खिरकिया आगमन हुआ। उनके द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण का निरीक्षण किया गया। नगर में आगमन पर स्थानीय विश्रामग्रह पर नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत महेंद्र सिंह खनूजा एवं उपयंत्री विष्णु यादव द्वारा उनका स्वागत किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष इंद्रजीत खनूजा द्वारा खिरकिया में बस स्टैंड, गीता भवन एवं नगरीय निकाय के नवीन कार्यालय भवन हेतु चर्चा की गई। उन्होंने इस पर अति शीघ्र सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।

### शिविर में किया 668 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 10 अप्रैल को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 483 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 185 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 77 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### अधिकारियों ने की कुष्ठ प्रभावितों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा

**सीहोर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग स्पेशल मॉनिटर डॉ प्रदीप्ता कुमार नायर एवं लेप्रोसी ऑफिसर डॉ निधि शर्मा द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों के लिए जिले में संचालित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि इन योजनाओं का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए, ताकि कुष्ठ से प्रभावित व्यक्ति सामान्य रूप से समाज में अपना स्थान बना सके और मुख्यधारा में जुड़ सकें।

### दिव्यांगजनों को ऑन द स्पॉट वितरित किए जाएंगे सहायक उपकरण

**सीहोर।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले के सभी नगरीय निकायों में एडिप योजना के अंतर्गत दिनांक वार ऑन द स्पॉट चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में ऑन द स्पॉट चिन्हांकन कर पात्र दिव्यांगजनों को कैलिपर्स एवं कृत्रिम हाथ-पैर सामग्री निशुल्क वितरित की जाएगी।

# टीईटी परीक्षा का आदेश निरस्त करने अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने ज्ञापन दिया

## पार्क में सैकड़ों अध्यापक शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला हरदा के द्वितीय चरण में ब्लॉक स्तरीय ज्ञापन का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश निरस्त करना एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करना जैसी मांगे शामिल हैं। इसके अंतर्गत शनिवार को बलराम चौक पर स्थित जैन मंदिर के पार्क में सैकड़ों अध्यापक शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। जिन्होंने टीईटी परीक्षा का पुरजोर विरोध करते हुए सरकार एवं शासन को चेतावनी दी है कि यदि परीक्षा संबंधी



आदेश निरस्त नहीं होता है एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्राप्त नहीं होती है तो आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें लाखों की तादाद में अध्यापक एवं शिक्षक पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

आज जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर हमारी मांगों के समर्थन में समर्थन पत्र मुख्यमंत्री तक पहुंचाने में हमारी मदद करेंगे। इस श्रृंखला में उपाध्यक्ष नगर परिषद हरदा अंशुल गोयल को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के द्वारा ज्ञापन सोपा गया। जिसमें टीईटी परीक्षा निरस्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री एवं सरकार से अपील की गई। उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोयल द्वारा संबोधित करते हुए बताया कि अध्यापक एवं शिक्षकों की मांगे जायज है और हम उनके समर्थन में हैं। हम प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं सरकार से अपील करते हैं कि अध्यापकों के हित को दृष्टिगत रखते हुए उनकी मांगों का उचित निराकरण किया जाए। साथ ही परीक्षा रद्द की जाए और नियुक्ति दिनॉक से वरिष्ठता प्रदान की जाए। इस अवसर पर देवेश्वर जाटव, भोलानाथ पवार, सुभाष भाटी, नेमीचंद बिश्नोई, गणेश पटवारे, रामनिवास जाट, शैलेंद्र शर्मा, किरण राठौर, रामकृष्ण गोस्वामी आदि के द्वारा संबोधित करते हुए 18 अप्रैल को भोपाल में रैली एवं जंगी प्रदर्शन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन पीयूष राठौर द्वारा किया गया।

## हरदा और खंडवा जिलों के सैकड़ों गांवों को सिंचाई का लाभ मिलेगा

# मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से मिला अंतिम अनापत्ति प्रमाण पत्र : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शुक्रवार शाम पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने प्रेसवार्ता में बताया कि मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अंतिम मंजूरी मिल गई है।

इस परियोजना से नर्मदापुरम, हरदा और खंडवा जिलों के सैकड़ों गांवों की कृषि भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। परियोजना को लेकर लंबे समय से इंतजार था, इसलिए इसे बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने जानकारी दी कि मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अंतिम अनापत्ति प्रमाण पत्र (ठडउ) 8 अप्रैल को जारी कर दिया गया है। इससे पहले इस परियोजना को 25 नवंबर को स्टेज-1 की मंजूरी मिल चुकी थी। इस परियोजना से नर्मदापुरम, हरदा और खंडवा जिलों के 144 से अधिक गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। लगभग डेढ़ लाख एकड़ भूमि सिंचित होने की बात कही गई है, जिससे किसानों



को बड़ी राहत मिलेगी। परियोजना के तहत तीनों जिलों के कुल 201 गांवों की 64,111 हेक्टेयर भूमि सिंचाई के दायरे में आएगी। इसमें वे गांव भी शामिल किए गए हैं, जो पहले इस योजना से वंचित रह गए थे। कमल पटेल ने दावा किया कि परियोजना का निर्माण कार्य एक सप्ताह के भीतर शुरू कर दिया जाएगा। प्रशासनिक स्तर पर इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि शहीद इलापसिंह सिंचाई परियोजना का काम भी तेजी से चल रहा है और नवंबर के अंत तक इससे किसानों को पानी देने की योजना बनाई गई है।

### मिलेगा सिंचाई का लाभ

परियोजना से नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील के 8 गांवों की 2128.142 हेक्टेयर भूमि, हरदा जिले की रहटगांव तहसील के 32 गांवों की 9605.15 हेक्टेयर, हरदा तहसील के 17 गांवों की 5067.293 हेक्टेयर, सिराली तहसील के 51 गांवों की 10803.75 हेक्टेयर और खिरकिया तहसील के 24 गांवों की 8898.56 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इस योजना का फायदा खंडवा जिले के गांवों को भी मिलेगा, जिससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। प्रेसवार्ता के दौरान कमल पटेल ने कांग्रेस विधायक आरके दोगने पर झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधायक बिना काम किए उसका श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं।

### विधायक को दी खुली चुनौती

पटेल ने विधायक को चुनौती देते हुए कहा कि यदि उनमें क्षमता है तो वे कोई भी काम घोषित कर उसे पूरा करके दिखाएं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विधायक ने पिछले तीन साल में नगर पालिका को विधायक निधि से एक रुपया भी नहीं दिया। साथ ही कांग्रेस पार्षदों वाले 11 वार्डों में भी कोई निधि जारी नहीं की गई।

## ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया

# बड़झिरी में अग्निकांड में 7 से 8 मकान जलकर राख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले की ग्राम पंचायत बड़झिरी में शनिवार दोपहर आग लग गई। इस अग्निकांड में 7 से 8 मकान जलकर राख हो गए। घटना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हुई। आग से घरों में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

हादसे में 7 बकरियां, एक बैल और एक ट्रैक्टर भी जल गए। हालांकि, किसी जनहानि की सूचना नहीं है, जिससे बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया है। जानकारी के अनुसार, आग लगने के समय कई परिवारों के सदस्य मूंग की फसल में पानी देने के लिए बाहर गए थे, जिसके कारण वे समय रहते अपने घरों से सामान नहीं निकाल पाए। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने निजी साधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही आग बुझा दी गई थी। जयस के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश ककोडिया ने प्रशासन से तत्काल राहत दल भेजने, प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता और पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की है। जिन परिवारों के मकान आग की चपेट में आए हैं, उनमें राधेलाल पटेल, नन्दराम पटेल, सोमा नन्दराम, सुक्कू पिता छन्नू, सुन्दरबाई पति देवकरण, लखन पिता सोबु, मांगीलाल पिता संतु और घासीराम शामिल हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसूति नहीं करवाई

# नर्सों ने जुड़वां शिशु होंगे कहकर रेफर किया, एंबुलेंस में प्रसव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या





स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसूति-कक्ष में प्रसूति की बजाय उन्हें खरगोन रेफर करने की घटनाएं मिल रही है। ऐसी ही एक घटना में एक आदिवासी महिला ने घुघरियाखेड़ी के समीप एम्बुलेंस में ही एक बालक को जन्म दे दिया। जिसे जुड़वां-शिशुओं की संभावना से रेफर किया गया था। प्रसूता के ससुर गंगाराम पिता सोमला ने बताया कि मेरी बहू जमना बाई पति सुरेश भिलाला 22 वर्ष,ग्राम कालीकराय को बुधवार दोपहर 2 बजे दर्द हुआ,जिसे अपरान्ह 3 बजे स्थानीय शा.अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपस्थित नर्सों ने कहा कि जुड़वां बच्चे होंगे, इसलिए हम रिस्क नहीं लेंगे और यह कहकर एक घंटे बाद रेफर कर दिया गया। फलस्वरूप घुघरिया खेड़ी के बाहर सड़क किनारे एम्बुलेंस में ही उसने एक बालक को जन्म दिया। दोनों ही जिला चिकित्सालय में स्वस्थ हैं। इसी तरह प्रसूता भूरीबाई पति शिवलाल 22 वर्ष मांडवी को मंगलवार-बुधवार की रात 2 बजे अस्पताल लाया गया था। उसे प्रातः 4 बजे खरगोन रेफर कर दिया गया। प्रसूता ने दूरभाष पर बताया कि उसे नर्सों ने बताया था कि गर्भ में बच्चा आड़ा (असामान्य) है,इसलिए कुछ भी हुआ तो हमारी जबाबदारी नहीं रहेगी। जबकि खरगोन अस्पताल में बुधवार सुबह 7 बजे बालक का जन्म हुआ है और उसकी प्रसूति भी सामान्य हुई है और वे वहां दोनों ही स्वस्थ हैं।

### इनका कहना है

प्रसव-कक्ष में प्रसूताओं के उपचार एवं घटना की जानकारी ली जा रही है। इसके बाद ही वस्तु स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

डा.दीपक शस्त्रे
बीएमओ, शा. सामुदायिक
स्वास्थ केंद्र झिरन्या

## वन ग्राम महुखाल में सेवा समागम कार्यक्रम

# जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रमदान कर बोरी बंधान बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम अंतर्गत वन ग्राम महुखाल में बोरी बँधान बनाया गया। नर्मदा नदी की सहायक नदी गंजाल और गंजाल की सहायक नदी पर महुखाल की नदी पर 57 बोरियों का बोरी बंधान बनाकर पानी रोका गया। यह पानी ग्राम वासियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। क्योंकि इससे यहां का जलस्तर बढ़ेगा साथ ही गांव के पशुओं के लिए एवं जंगल के वन्य जीव जंतुओं के लिए भी यह पानी पीने के लिए अत्यंत उपयोगी रहेगा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक अनुपम भारद्वाज नवांकुर संस्था से प्रमोद चंदेल महेंद्र वर्मा एवं मेंटर विष्णु कटारे उपस्थित रहे। ब्लॉक समन्वयक अनुपम



भारद्वाज ने उपस्थित ग्राम वासियों से जल के संरक्षण के संबंध में एवं हमारी नदियां सतत प्रवाहमान बनी रहे। इसके लिए हमें अपनी नदियों के किनारे पौधारोपण कर उसको सतत जल प्रवाहमान बनी रहे। ऐसे कार्य में नदी के लिए करना होगें, कार्यक्रम मे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष ओमनारायण यादव, सचिव श्याम सुंदर, मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र सत्यनारायण, निर्भय दास गणेश संगम रोहितसालकराम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम प्रकटोत्सव को लेकर घर-घर दे रहे निमंत्रण, चल समारोह निकाला जाएगा



**सीहोर।** इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज के आराध्य भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव को आस्था और उत्साह के साथ मनाए जाने के लिए ब्राह्मण समाज के द्वारा घर-घर जाकर ब्राह्मण परिवारों को आमंत्रण पत्र का वितरण किया जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद भी ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और विप्रजन पूरे उत्साह के साथ शहर सहित आस-पास के स्थानों पर पहुंचकर भव्य चल समारोह का प्रचार-प्रसार कर रहे है। गत दिनों भी युवाओं, महिलाओं सहित अन्य समाजजनों की बैठक का आयोजन किया जा चुका है। भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव आगामी 26 अप्रैल को आस्था और उत्साह के साथ शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ बाल विहार मैदान पर समापन किया जाएगा। इसके अलावा आगामी 20 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम का विशेष अभिषेक सुबह आठ बजे से किया जाएगा। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में शहर के अनेक स्थानों पर घर-घर पहुंचकर ब्राह्मणजनों को होने वाले महोत्सव को लेकर निमंत्रण दिया। चल समारोह अध्यक्ष राजेश शर्मा, समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहर शर्मा, कोषाध्यक्ष रुपेश तिवारी, युवा अध्यक्ष रजत व्यास मौजूद रहे।

## 19 प्राथमिक शिक्षकों को वापस मूल संस्थाओं में भेजने का मामला

# नए शिक्षा सत्र में अतिथि शिक्षकों के भरोसे ही भविष्य?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

इस आदिवासी अंचल में जनशिक्षकों का अस्थायी प्रभार संभाल रहे 19 प्राथमिक शिक्षक क्या वापस अपनी मूल शैक्षणिक संस्थाओं में जावेंगे? क्या शिक्षकों की कमी का खामियाजा भुगत रहे छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी? या फिर नवीन शिक्षा सत्र में भी वे अतिथि शिक्षकों के भरोसे ही अपने भविष्य को सवारेंगे? इस मामले में अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है।

वैसे ही लगभग सभी स्कूलों में शिक्षकों की कमी है और शायद ही कोई स्कूल होगी, जहां अतिथि शिक्षक अपनी सेवाएँ नहीं दे रहें हों। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि क्षेत्र में 676 अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं,इनमें वर्ग 1 के 41,वर्ग 2 के 256 और वर्ग 3 के 379 अतिथि शिक्षक शामिल हैं।



फाइल फोटो

इस स्थिति में 19 प्राथमिक शिक्षकों को जनशिक्षकों का प्रभार सौंपने से छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक-स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है।

गौरतलब है कि जिला शिक्षा केंद्र खरगोन ने पिछले शैक्षणिक सत्र में स्थानीय जन शिक्षा केंद्र के अनुरोध पर जारी किया था। जिन 19 प्राथमिक शिक्षकों को अस्थायी प्रभार दिया गया है,इनमें कैलाश चौहान (करान्या),दिनेश ठाकुर एवं कुशल मंडलोई (शिवना),पियुष गंगराडे एवं लोकपाल तोमर (मिटावल), विक्रम डाबर (चैनपुर),गंगाराम खोडे एवं छोगालाल डाबर (झिरन्या) रूमसिंह जाधव एवं प्रभुदयाल मंडलोई (हेलापडावा),शेरसिंह मोरे एवं रामेश्वर मुजाल्दे (चिरिया), राजाराम सोलंकी (पाडल्या), प्रदीप बघेल एवं नानसिह वास्कले (बोरवाल), मदन जाधव,भूरला सोनवानी (कोटबेडा), नरेन्द्र गौड एवं रूपसिंह तंवर (राजपुरा) हैं।

इन प्रभारों को लेकर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल डीपीसी के आदेशों को लेकर प्रारम्भ से ही नाराज हैं। उनका आरोप है कि शासन के निर्देशों की अवहेलना कर,नियम विरुद्ध आदेश जारी किये गए हैं। इसलिए उन्होंने सभी प्राथमिक शिक्षकों को उनकी मूल संस्थाओं में भेजने की बात कही है। इन आरोपों से डीपीसी सेन ने इंकार किया और कहा कि हम शासन के नियमों एवं निर्देशों का पालन कर रहें हैं। बहरहाल,आदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि प्राथमिक शिक्षक अपने मूल दायित्वों के साथ-साथ जनशिक्षक की जिम्मेदारी संभालेंगे। निर्देशों का पालन नहीं होने से शिक्षा-व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है। वहीं, सदैव अधिकारी की भूमिका में अपडेट रहने वाले प्राथमिक शिक्षक क्या वापस अपनी स्कूलों में भेजे जावेंगे? इसका जबाब भविष्य के गर्त में है।